# त्रैमासिक परीक्षा 2024

## विषय-हिन्दी

## कक्षा-9

समय 3 घंटा पूर्णांक-75

**प्र01. सही विकल्प चयन कर लिखिए–** 6

(1) मीठी वाणी बोलने वाला होता है–

(1) सुभाषी (2) मितभाषी (3) कटुभाषी (4) मृदुभाषी

(2) संधि के प्रकार है–

(1) तीन (2) पाँच (3) सात (4) आठ

(3) सच्ची खुशी का हकदार है–

(1) खुश होने वाला (2) दुःख देने वाला (3) सुख सहने वाला (4) दुःख सहने वाला

(4) निम्न में से कौन–सा समान तुक वाला शब्द नहीं है–

(1) गाएगी (2) जाएगी (3) सजाएगी (4) जन्माएगा

(5) अब्राहम लिंकन ने पत्र लिखा था–

(1) अपने पिता को (2) अपनी माता को

(3) अपने पुत्र को (4) अपने पुत्र के शिक्षक को

(6) 'सदुपयोग' शब्द का विलोम शब्द होगा–

(1) उपयोग (2) दुरूपयोग (3) सुपयोग (4) निरपयोग

**प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** 6

(1) हथियार जो हाथ में लेकर चलाया जाएँ उसे...................................कहते है।

(2) हर विरूपता के साथ...............................................भी होता है।

(3) वर के विमल मौर में...............................उषा पिरोने वाली है।

(4) हमने पापड़ नहीं खाए तो ये कैसी.......................................नवाजी।

(5) अंतरिक्षयान.............................का मिलाजुला रूप है।

(6) पं. जसराज को...........................................भी कहा जाता है।

**प्र03. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए–** 6

(1) गया झूरी का मामा था।

(2) उत्थान शब्द का विलोम उन्नति है।

(3) 'अड़ियल' शब्द का अर्थ हठी है।

(4) झूरी के बैल मुराई जाति के थे।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग कर वाक्यों को पुनः लिखिए–

(5) झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद गद हो गया।

(6) हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी।

**प्र04. सही जोड़ी का मिलान कीजिए–** 6

| | | |
|---|---|---|
| (1) आचार | – | (1) स्मरण |
| (2) दृष्टिकोण | – | (2) पापड़ |
| (3) भारत का अंतरिक्ष केन्द्र | – | (3) मुंशी प्रेमचंद्र |
| (4) याद | – | (4) नासा |
| (5) दो बैलों की कथा | – | (5) विचार |
| (6) करारे | – | (6) देखने का नजरिया |
| | – | (7) इसरो |
| | – | (8) स्मरणशक्ति |
| | – | (9) सुविचार |
| | – | (10) लड्डू |
| | – | (11) नजयिा |
| | – | (12) राहुल सांकृत्यायन |

**प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य मे लिखिए–** 6

(1) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पाठ की विधा लिखिए।
(2) झूरी काछी के बैलों के नाम लिखिए।
(3) हेलेन केलर ने विश्व भ्रमण कितनी बार किया था।
(4) पराकाष्ठा शब्द का क्या अर्थ है ?
(5) वे शब्दांश जो शब्द बनाते समय अंत में लगते है उन्हें क्या कहते है ?
(6) दोनों बैलों को छोटी बच्ची क्या खिलाने आती थी ?

**प्र06. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए– (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द)** 2

अफवाह, विमल, विपद, झमेला

अथवा

मृतिका, स्वप्न, चन्द्र, शाक – शब्दों के तद्‌भव रूप लिखिए।

प्र07. मेहमान ने रूचि के साथ कौन–कौन सी चाजे खाई ? 2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाकर लिखिए–
मेहमान, भोजन

प्र08. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के बचपन के मित्रों के नाम लिखिए। 2

अथवा

सर आइजक न्यूटन और अलेकजेंडर ग्राहम बेल वैज्ञानिकों ने कौन–सी खोज की थी? नाम लिखिए।

प्र09. मुंशी प्रेमचंद के साहित्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

मुंशी प्रेमचंद्र की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए हिन्दी साहित्य मे उनका स्थान लिखिए।

प्र010. देशज (देशी) शब्द किसे कहते है ? कोई दो देशज शब्द लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कर पुनः लिखिए– 2

आर्षीवाद, समंजसय, कम्पुटर, गुरात्वाकर्सन

प्र011. कांजी हौस में पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती थी ? लिखिए। 2

अथवा

किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ? लिखिए।

प्र012. संधि की परिभाषा एवं संधि के प्रकार के नाम लिखिए। 2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर लिखिए–

दैवालय, तथैव, स्वागत, भावुक

प्र013. विशेषण किसे कहते है ? गर्म–गर्म रोटी शब्द से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए। 2

अथवा

अपनी पसंद की कविता की कोई चार पंक्तियाँ लिखिए।

प्र014. पर्यायवाची शब्द किसे कहते है ? 'पहाड़' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। 2

अथवा

समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द युग्म 'आज्ञा' और 'अनुमति' का सरल वाक्य में प्रयोग कर लिखिए।

प्र015. उपसर्ग किसे कहते हैं ? 'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए दो शब्द बनाकर लिखिए।

अथवा

कारक किसे कहते हैं ? कारक के भेद कितने होते है ? लिखिए। 2

प्र016. मुहावरें और लोकोक्ति में कोई–दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ एवं वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए–

(1) अँगूठा दिखाना (2) ईद का चाँद होना

प्र017. निपात शब्द किसे कहते है ? उदाहरण से स्पष्ट कर लिखिए। 2

अथवा

निम्नलिखित निपात शब्दों का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाकर लिखिए–

केवल, ही, तक, तो

(1) क्या तुम कल बाजार गए थे

(2) वाह क्या अद्भुत अनुभव है

(3) हेलेन को घुड़सवारी का भी शौक था

**(शब्द सीमा लगभग 75 शब्द)**

प्र018. निम्नलिखित विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाकर लिखिए– 3

?, ।, !

प्र019. रेलगाड़ी/बस/बैलगाड़ी/साइकिल/मोटरसाइकिल में से जिस पर अपने यात्रा की हो उस यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए। 3

अथवा

अपनी कोई तीन प्रमुख रूचियों का संक्षिप्त वर्णन कर लिखिए।

प्र020. 'जल है तो कल है' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। 3

अथवा

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में शिक्षक और विद्यार्थी के मध्य संवाद लिखिए।

**(शब्द सीमा लगभग 120 शब्द)**

प्र021. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

'कारज धीरे होत है काहे होत अधीर। 4

समय आय, तरूवर फलै कौतुक सीचो नीर।'

प्रश्न– (1) 'नीर' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

(2) उक्त दोहे में कवि ने कार्य के किस प्रकार से होने की बात कही है ?

(3) उपर्युक्त दोहें का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

जीवन घटनाओं का समूह है। यह संसार एक बहती नदी के समान है। इसमें बूँद न जाने किन–किन घटनाओं का सामना करती जूझती आगे बढ़ती है। देखने में तो इस बूँद की हस्ती कुछ भी नहीं। जीवन में कभी–कभी ऐसी घटनाएँ घट जाती हैं जो मनुष्य को असंभव से संभव की और ले जाती हैं। मनुष्य अपने को महान कार्य कर सकने में समर्थ समझने लगता है। मेरे जीवन में एक रोमांचकारी घटना है जिसे में आपको सुनाना चाहती हूँ। यह घटना जीवन के सुख–दुख के मधुर मिलन का रोमांच लिए है।

प्रश्न– (1) यह संसार कैसा है ?

(2) 'जीवन' शब्द का विलोम लिखिए।

(3) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र022. टी0सी0 (स्थानांतरण प्रमाण–पत्र) प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को 'प्रावीण्य' सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए। 4

**प्र023. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए–** 4

(1) सौर ऊर्जा

(2) पर्यावरण प्रदूषण: कारण एवं निदान

(3) खेलों का महत्त्व

(4) विद्यालय में मेरा पहला दिन

(5) आदर्श मित्र